केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 31/10/2024

प्रेस विज्ञप्ति

**कोर, द्वारा दीपोत्सव का आयोजन**

-------------

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा दिनांक 02.10.2024 से चल रहे "स्वच्छता पखवाड़ा के विशेष अभियान 4.0" का समापन कार्यालय प्रांगण मे मिट्टी के दीपक जला कर दीपोत्सव के साथ किया गया।

मिट्टी का दीपक को पंच तत्व का प्रतीक माना जाता है। इसे मिट्टी को पानी में गलाकार बनाया जाता है। जो भूमि और जल तत्व का प्रतीक होता है। जब ये बन जाता है तो इसको धूप और हवा में रखकर सूखाया जाता है, जो आकाश और वायु का प्रतीक है। फिर इसको आग में तपाकर बनाया जाता है, जो अग्नि का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूजा के समय मिट्टी का दीपक जलाने से साधक को साहस और पराक्रम की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही घर में सुख, समृद्धि आती है।

केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के इतिहास में प्रथम बार श्री एस. एस. नेगी-मुख्य बिजली इंजी. (P&D) की अध्यक्षता में और श्री कल्याण सिंह-उप महाप्रबंधक महोदय के मार्ग दर्शन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कार्यालय के प्रांगण में सुंदर आकर्षक रंगोली बनाई गई एवं पूरे कार्यालय को मिट्टी के दीपक से प्रज्ज्वलित कर प्रकाशमान किया गया।

दीप प्रज्ज्वलन में श्री एस. एस. नेगी-मुख्य बिजली इंजी. (P&D) श्री आर. एन. सिंह-प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, श्री उपेंद्र कुमार-मुख्य बिजली इंजीनियर (W), श्री कल्याण सिंह-उप महाप्रबन्धक सहित कोर कार्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने  बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज